RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 13 सितंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 145 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

**सेवा कर अधिकारी रिश्वत के मामले में गिरफ्तार**



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# रायगढ़ की फैक्ट्री में फटा टैंक
## UP के 3 मजदूरों की मौत, 3 बुरी तरह झुलसे

**मुंबई:** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में गुरुवार को एक केमिकल फैक्ट्री में वेल्डिंग के काम के दौरान मेथनॉल युक्त स्टोरेज टैंक में विस्फोट होने से 3 मजदूरों की मौत हो गई. हादसे में 3 अन्य लेबर बुरी तरह से झुलस गए हैं. पुलिस ने यह जानकारी दी है. रायगढ़ के रढ सोमनाथ घरगे ने बताया कि घटना मुंबई से करीब 110 किलोमीटर दूर रोहा कस्बे के धातव एमआईडीसी में साधना नाइट्रो केम लिमिटेड में सुबह 11 बजकर 15 मिनट की है. उन्होंने बताया कि केमिकल फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में विस्फोट हुआ था.



एक अन्य अधिकारी ने बताया कि केमिकल फैक्ट्री में फैब्रिकेशन के लिए उत्तर प्रदेश से आए तीन लोगों की धमाके में मौत हो गई. उन्होंने बताया कि वे वेल्डिंग का काम कर रहे थे, तभी चिंगारी के कारण अत्यधिक ज्वलनशील मेथनॉल मिले स्टोरेज टैंक में धमाका हो गया. अधिकारी ने बताया कि विस्फोट में बासुकी यादव (45), दिनेश कुमार खरबन (60) और संजीव कुमार (20) की मौत हो गई. उन्होंने बताया कि घटनास्थल के पास मौजूद 3 और लेबर झुलस गए.

**आधे घंटे तक करते रहे मशक्कत**

घायलों को पहले रोहा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उन्हें नवी मुंबई के ऐरोली स्थित नेशनल बर्न्स सेंटर स्थानांतरित किया गया. उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल विभाग के कर्मचारी और स्थानीय पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और उन्होंने आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया. अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि साथ ही कारखाने में तलाशी अभियान जारी है. जून में नागपुर में एक कंपनी में विस्फोट हुआ था. धमाके में 5 लोगों की मौत हो गई थी और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे. नागपुर के धामना इलाके में चामुंडा बारूद फैक्टरी में यह हादसा हुआ था. चामुंडा बारूद फैक्ट्री एक निजी कंपनी है. मौके पर तमाम आला-अधिकारी पहुंच गए थे. राहत और बचाव का काम घंटों तक चला था. नागपुर के पुलिस आयुक्त ने बताया था कि सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल ने पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया था. मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया था.

## महाराष्ट्र में शुरू हुआ पोस्टर वॉर, विपक्ष ने देवेंद्र फडनवीस को दिखाया पॉकेटमार





**मुंबई:** महाराष्ट्र में अब से कुछ ही महीने बाद विधानसभा चुनाव का आयोजन होने जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों की तैयारियां और बैठक जोर शोर से चल रही है। इस बीच अब विपक्षी दलों की ओर से महाराष्ट्र में पोस्टर वॉर शुरू कर दिया गया है। मुंबई में विभिन्न इलाकों में भाजपा के खिलाफ पोस्टर्स लगाए गए हैं जिसमें उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस को पॉकेटमार बताया गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के विभिन्न इलाकों में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ पोस्टर्स लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस को पॉकेटमार दिखाया गया है। इसके साथ ही बीजेपी को भारतीय जनता के पॉकेटमार यानी कि जनता की लूट करने वाली पार्टी बताया गया है।

**नितिन गडकरी 100 से ज्यादा सभा करेंगे**

भारतीय जनता पार्टी ने निश्चय किया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी लगभग 100 से ज्यादा प्रचार सभाएं और रोड शो करेंगे।

## मौलवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज




**पुणे :** बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश मनीष पिटाले ने मौलवी अब्दुल रशीद मिफ्ताही उर्फ मिफ्ताही कलंदर खान, 48 की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। उनके खिलाफ कोंढवा में साद मोटर्स से जुड़े 1.16 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और ठगी का मामला दर्ज किया गया था। मिफ्ताही कोंढवा पुलिस स्टेशन में 30 जुलाई को दर्ज एफआईआर के सिलसिले में आरोपियों में से एक है। उस पर भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 34 के साथ धारा 406 और 420 और महाराष्ट्र जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय प्रतिष्ठानों में) अधिनियम, 1999 की धारा 3 और 5 के तहत अपराध दर्ज किए गए हैं। न्यायाधीश ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि मिफ्ताही एक प्रेरक वक्ता होने के नाते मुखबिर और अन्य निर्दोष निवेशकों को प्रेरित करने की बेहतर स्थिति में थे, क्योंकि ऐसे लोगों ने सोशल मीडिया पर उनके वीडियो की सामग्री को देखते हुए उन पर एक निश्चित मात्रा में विश्वास विकसित किया था।

## 19 साल बाद बांद्रा की सोसायटी के पुनर्विकास का रास्ता साफ

**मुंबई:** करीब 19 साल बाद बांद्रा (पूर्व) में खेर नगर सुखसदन सहकारी आवास सोसायटी के पुनर्विकास का रास्ता साफ हो गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) और अन्य प्राधिकरणों को निर्देश दिया है कि वे ट्रिस्टार डेवलपमेंट द्वारा पुनर्विकास के लिए अनुमति प्रदान करें।हाईकोर्ट ने एए एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड (आरएनए ग्रुप कंपनी) के साथ विकास समझौते को समाप्त करने में सोसायटी के अधिकारियों को बरकरार रखा है, क्योंकि यह पुनर्विकास प्रक्रिया शुरू करने में विफल रही।

हाईकोर्ट सोसायटी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे ट्रिस्टार को उनकी सोसायटी के पुनर्विकास के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रदान करें, जिसे बीएमसी द्वारा सी1 (जीर्ण-शीर्ण और मरम्मत से परे) के रूप में वर्गीकृत किया गया था।सोसायटी की इमारत को म्हाडा ने 12 फरवरी, 1996 के एक समझौते के तहत पट्टे पर दिया




था। सोसायटी ने 16 अक्टूबर, 2005 को एए एस्टेट्स के साथ एक विकास समझौता (डीए) किया, जिसमें उन्हें पुनर्विकास के अधिकार दिए गए। हालांकि, एए एस्टेट्स सात साल तक कोई ठोस कदम उठाने में विफल रही, केवल 5 जनवरी, 2012 तक म्हाडा से एनओसी प्राप्त की।

एए एस्टेट्स पुनर्विकास शुरू करने में विफल रही, इसलिए सोसायटी ने 9 जून, 2019 को डीए समाप्त कर दिया।

## लोकल ट्रेन से चोरी हुए यात्री के 7.37 लाख रुपये के आभूषण पुलिस ने कर लिए बरामद

**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक लोकल ट्रेन से चोरी हुए एक यात्री के आभूषण पुलिस ने बरामद कर लिए हैं और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है तथा दो ही किशोरों को हिरासत में लिया है।यह चोरी 31 अगस्त को हुई, जब 54 वर्षीय यात्री दक्षिण मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से ठाणे के कल्याण के लिए उपनगरीय ट्रेन से यात्रा कर रहा था, यह जानकारी बुधवार को सरकारी रेलवे पुलिस की अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अरशुद्दीन शेख ने दी।यात्री ने देखा कि उसका काला बैग, जिसे उसने ओवरहेड रैक पर रखा था,



गायब था।

उन्होंने बताया कि बैग में करीब 7 किलोग्राम चांदी और 19.96 ग्राम सोने के आभूषण थे, जिनकी कुल कीमत 7.37 लाख रुपये है।यात्री ने ठाणे जिले में कल्याण स्टेशन से पहले स्थित ठाकुरली स्टेशन पर कुछ लोगों को जल्दबाजी में ट्रेन से उतरते देखा और इसके बाद उसने डोंबिवली रेलवे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 (सी) (माल या यात्रियों के परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले किसी भी परिवहन साधन से किसी भी वस्तु या सामान की चोरी) के तहत मामला दर्ज किया है।विशेष कार्य बल और कल्याण अपराध शाखा इकाई की एक संयुक्त टीम ने व्यापक जांच शुरू की। टीम ने सीएसएमटी से ठाकुरली तक के मार्ग पर कई रेलवे स्टेशनों से सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और संदिग्धों का पता लगाने के लिए तकनीकी संसाधनों और मुखबिरों की मदद ली।

## पालतू कुत्ता पड़ोसी के घर में घुस गया, पुलिस में शिकायत दर्ज

**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पालतू कुत्ता अपने केयरटेकर के घर से भागकर पड़ोसी के घर में घुस गया, जिसके बाद दो परिवारों के बीच विवाद हो गया, पुलिस ने यह जानकारी दी।यह घटना अंबरनाथ इलाके में हुई, जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।यह कुत्ता, जिसे उनके रिश्तेदारों ने देखभाल के लिए एक परिवार को सौंपा



था, भागकर उनके पड़ोसी के घर में घुस गया।सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीरंग गोसावी ने बताया कि पड़ोसी ने कुत्ते के केयरटेकर से इस बारे में सवाल किया और पालतू जानवर को संभालने की उनकी क्षमता पर सवाल उठाया।

उन्होंने बताया कि मामला गरमागरम बहस में बदल गया, जिसके बाद विवाद हुआ और इस दौरान कुत्ते के केयरटेकर ने पड़ोसी के घर के दरवाजे तोड़ दिए।बाद में दोनों पक्षों ने क्रॉस-शिकायत दर्ज कराई।

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सुप्रीम कोर्ट नाराज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी अपराध में आरोपित होना संपत्ति ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता। उस कथित अपराध को कानूनी प्रक्रिया के जरिये अदालत में साबित किया जाना चाहिए। कोर्ट इस तरह की ध्वस्तीकरण की धमकियों से बेखबर नहीं रह सकता। उस राष्ट्र में ये अकल्पनीय है जहां कानून सर्वोच्च है। अन्यथा ऐसी कार्रवाई को देश के कानून पर बुलडोजर चलना माना जाएगा।

किसी अपराध में आरोपित के घर पर बुलडोजर चलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सख्त रुख अख्तियार किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां देश कानून से चलता है, वहां परिवार के किसी सदस्य द्वारा कानून का उल्लंघन करने पर अन्य सदस्यों के विरुद्ध या उनके कानूनी ढंग से बनाए गए घर पर कार्रवाई नहीं हो सकती। ये टिप्पणी जस्टिस हृषिकेश राय, सुधांशु धूलिया और एसवीएन भट्टी की पीठ ने गुजरात के एक मामले में दिए अंतरिम आदेश में गुरुवार की।

कोर्ट ने परिवार के एक सदस्य के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज होने पर साझे का पारिवारिक घर ढहाए जाने की आशंका जताने वाली याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी करते हुए संपत्ती पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। दस दिन में यह दूसरा मौका है जब शीर्ष अदालत ने किसी आरोपित के घर बुलडोजर चलाने को लेकर ऐसी टिप्पणी की है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# बावनकुले के बेटे संकेत ने शराब पी थी; बार में बीफ नहीं खाया - पुलिस उपायुक्त

**नागपुर :** महाराष्ट्र में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत की ऑडी कार से सोमवार को नागपुर में कई वाहनों में टक्कर लगने की घटना सामने आई थी। इस घटना के बाद ड्राइवर समेत दो कार सवारों को गिरफ्तार कर लिया गया था। महाराष्ट्र के भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत मुश्किलों में पड़ गए हैं। नागपुर में ऑडी से कई वाहनों को हिट करने के आरोपों में घिरे संकेत को लेकर पुलिस ने दावा किया है कि उसने शराब पी थी। हालांकि, यह साफ कर दिया कि उसने दुर्घटना से पहले शहर के एक बार में बीफ नहीं खाया था। पुलिस ने कहा कि संकेत ने बार में मटन और चिकन खाने के साथ-साथ शराब भी पी थी। बता दें, यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने इसलिए दी है क्योंकि हाल ही में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया था कि संकेत ने बार में बीफ खाया था।





**यह है मामला**

महाराष्ट्र में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत की ऑडी कार से सोमवार को नागपुर में कई वाहनों में टक्कर लगने की घटना सामने आई थी। बताया गया था कि संकेत की कार ने नागपुर के रामदसपेठ इलाके में कई वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना के बाद ड्राइवर समेत दो कार सवारों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने कहा था, 'नागपुर के रामदासपेठ इलाके में सोमवार तड़के संकेत की कार से कई वाहनों को टक्कर मारी गई थी। इस घटना में दो लोग घायल हुए थे। हालांकि, संकेत कार में मौजूद था, लेकिन वह कार नहीं चला रहा था।'

**ड्राइवर को जमानत पर किया रिहा**

सीताबुल्दी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि संकेत की ऑडी कार ने अल-सुबह एक बजे मामले में शिकायतकर्ता जितेंद्र सोनकांबले की कार को टक्कर मार दी थी। इसमें सवार दो युवकों को चोटें आई थीं।

## असम सीएम सरमा ने शिंदे के आवास पर गणेश आरती की



**मुंबईः** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा बुधवार देर रात मुंबई में महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे के सरकारी आवास वर्षा बंगले पर पहुंचे। यहां उन्होंने गणपति बप्पा का दर्शन-पूजन कर आरती की। इसके अलावा विदेशी राजनयिकों ने भी सीएम शिंदे के आवास पर गणेश आरती में हिस्सा लिया। सीएम सरमा द्वारा गणेश आरती करने और विदेशी राजनयिकों के आरती में हिस्सा लेने की तस्वीरें और वीडियो महाराष्ट्र सीएम के ऑफिशियल एक्स हैंडल पर शेयर की गई हैं।

बता दें कि गणेशोत्सव की शुरूआत विगत सात सितंबर को हुई है। गणपति बप्पा के भक्त 10 दिनों तक आराधना करते हैं। महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की अवधि में खास उत्साह देखने को मिलता है।

## 3 राज्यों को सरकार का बड़ा तोहफा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल में बिछेगा सड़कों का जाल

**मुंबईः** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि पीएम-जनमन योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के लिए 113.58 करोड़ की लागत की 152.44 किलोमीटर लंबाई की कुल 60 सड़कों को मंजूरी दी गई है. वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में 655.66 करोड़ की लागत की 745.286 कि.मी. की 117 सड़कों और केरल में 55.28 करोड़ की लागत से 11 पुलों को स्वीकृति दी गई है.

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन राज्यों को बड़ी सौगात दी है. जिसके तहत महाराष्ट्र, केरल और मध्य प्रदेश की सड़कों को स्वीकृति दी गई है. ग्रामीण विकास मंत्रालय की बैठक में इन राज्यों की सड़कों को मंजूरी दी गई है. इस बात की जानकारी मंत्री ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर दी. उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और केरल के लिए नई योजनाओं को मंजूरी दी है.

## खेत में काम कर रहे चार किसानों की करंट लगने से दर्दनाक मौत

**चंद्रपुर :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में गणेशोत्सव की धूम के बीच एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है। जहां खेत में काम कर रहे चार किसानों की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी किसान बिजली के तार के संपर्क में आ गये थे। इस घटना से गांव में मातम पसर गया है।

यह घटना चंद्रपुर के ब्रम्हपुरी तालुका के गणेशपुर गांव में हुई। बिजली के तारों की चपेट में आने से चार किसानों की मौके पर मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब पीड़ित खेत में खाद डालने गए थे।

शर्मनाक! मुंबई में पिता ने 2 नाबालिग बेटियों से किया दुष्कर्म, सच सामने आया तो मां ने छोड़ा घर

बताया जा रहा है कि फसलों को जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए खेत की बाड़ में बिजली की आपूर्ति की गई थी। इसी के चलते यह दर्दनाक हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो-तीन दिनों में हुई भारी बारिश के कारण बिजली के तार खेतों में गिर गये।

## शिवसेना विधायक के बॉडीगार्ड पर हमला करने का आरोप, गिरफ्तार



**रायगढ़ :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कार में बैठे एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड से हमला करने के आरोप में 35 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) ने दावा किया कि गिरफ्तार व्यक्ति कर्जत से सत्तारूढ़ शिवसेना के विधायक महेंद्र थोरवे का बॉडीगार्ड है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार को नेरल में हुई जब कर्जत तालुका के रहने वाले आरोपी शिवाजी सोनावले ने कार में बैठे व्यक्ति पर हमला किया।

## 3 दिनों तक भारी बारिश के आसार



**मुंबईः** इस बार जैसे गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा था, ठीक वैसे ही बारिश का भी रौद्र रूप देखने को मिल रहा है. एक बार फिर मौसम विभाग ने चेतावनी देते हुए कहा है कि गुजरात, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में भारी बारिश देखने को मिलेगी. आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कई सावधानियां बरतने के लिए भी लोगों को सलाह दी है. बुधवार से अगले तीन दिनों तक अच्छी बारिश होने के आसार बताए जा रहे हैं. जिसके तहत लोगों को घरों में कैद होने को मजबूर होना पड़ेगा. इसलिए अभी से तैयारी कर लें. ताकि किसी को बाहर निकलने की आवश्यकता न हो.

आईएमडी के मुताबिक, अगले तीन से चार दिन काफी डरावने साबित हो सकते हैं. सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में भारी बारिश के आसार बताए जा रहे हैं. उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई इलाकों में भारी बारिश तथा कई इलाकों में हल्की व मध्यम बारिश होने की संभावना जताई जा रही है. मौसम विभाग के मुताबिक 11 और 12 सितंबर को अच्छी बारिश हो सकती है वहीं 13 और 14 सितंबर को पूरे प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है. मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अतुल सिंह के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में दक्षिणी पश्चिमी मानसून सक्रिय है. जिसके चलते भारी बारिश की संभावनाएं जताई जा रही हैं. वेस्ट यूपी की बात करें तो मौसम विभाग ने आगरा, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, जालौन, झांसी, हमीरपुर,गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, बदायूं, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मथुरा, हाथरस, महोबा, ललितपुर समेत कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है. वहीं बिहार, महाराष्ट्र और गुजरात में भी भारी बारिश का अलर्ट बताया गया है. जिसके चलते घरों से बाहर निकलना मुश्किल होगा. मौसम वैज्ञानिकों का तोय यहां तक कहना है कि इन जिलों में कर्फ्यू जैसे हालात भी पैदा हो सकते हैं.

# सीवेज सफाई कार्य में ठेकेदार के कार्यों में त्रुटियों की अनदेखी; दो इंजीनियरों को आयुक्त का कारण बताओ नोटिस

**कल्याण:** कल्याण डोंबिवली नगर पालिका में नवीनतम प्रणाली के माध्यम से सीवर की सफाई के लिए तीन साल का अनुबंध। ग्रेविट इंजीनियर्स वर्क्स कंपनी को दिया गया है। एक प्रतिस्पर्धी कंपनी और एक जागरूक नागरिक ने नगर आयुक्त से शिकायत की कि यह कंपनी काम ठीक से नहीं कर रही है और इस कंपनी ने टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया है. अपर आयुक्त ने इस मामले के चौबीस मामलों में अनियमितता पाई है। तो कमिश्नर डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने मैकेनिकल विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रवीण पवार, इसी विभाग के कार्यकारी अभियंता राजू राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों इंजीनियरों को सात दिन के भीतर इन नोटिस का जवाब देना है। कमिश्नर ने समय से स्पष्टीकरण देने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। जाखड़ ने दिया। मई एकॉर्ड वॉटर टेक कंपनी, सूचना कार्यकर्ता कौस्तुभ गोखले। ग्रेविट इंजीनियर्स कंपनी के काम को लेकर शिकायत की गई थी. इससे पहले तत्कालीन अपर आयुक्त मंगेश चितले ने मामले की जांच की थी. वह रिपोर्ट लालफीताशाही थी। कमिश्नर डॉ. ने फरियादियों की शिकायतों की गहनता से जांच करने के आदेश दिए। जाखड़ ने इसे अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़ को दिया था। मामले की जांच करते हुए मई. अतिरिक्त आयुक्त गायकवाड़ द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मैकेनिकल विभाग ने ग्रेविट कंपनी को सीवर सफाई का काम देते समय कई अनियमितताएं की हैं।




मई मुंबई नगर निगम द्वारा ग्रेविट इंजीनियरिंग वर्क्स कंपनी को जारी किए गए कार्य प्रमाणपत्र की प्रामाणिकता की जांच नहीं की गई है। सरकार के निर्णय के अनुसार, यांत्रिक विभाग को यह जानकारी प्राप्त करना आवश्यक था कि ठेकेदार ने मुंबई नगर पालिका में कितना काम किया है। अपर आयुक्त ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि यांत्रिक विभाग ने भी इसकी अनदेखी की.

मई इग्नी क्लीनिंग सर्विसेज मई। ग्रेविट कंपनी के साथ एक नियुक्ति समझौता मई 2023 में समाप्त कर दिया गया है। यह जानकारी हो सकती है. इग्नी कंपनी द्वारा नगर पालिका को सूचना देने के बावजूद इंजीनियर पवार, राठौड़ ने इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं दी। मई क्या ग्रेविट कंपनी को काम देते समय टेंडर कमेटी की बैठक हुई थी, कंपनी को वाहन के प्रदर्शन के लिए पत्र दिया गया था. रिपोर्ट के मुताबिक, नास्ति में कई सवाल अनुत्तरित हैं कि क्या कमिश्नर के आदेश के मुताबिक दोबारा टेंडर कमेटी की बैठक हुई थी.

गायकवाड़ ने जांच रिपोर्ट आयुक्त जाखड़ को सौंपी. कमिश्नर की रिपोर्ट के मुताबिक मैकेनिकल विभाग के कार्यपालन यंत्री प्रवीण पवार, राजू राठौड़ ने कार्यालय अनुशासन का उल्लंघन किया है। इस कदाचार को लेकर महाराष्ट्र सिविल सेवा और अनुशासनात्मक नियमों ने पवार, राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# यौन उत्पीड़न के फास्ट ट्रैक निपटारे में महाराष्ट्र अव्वल

**मुंबई:** कोलकाता में डॉक्टर से दरिंदगी की घटना के बाद दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के केसों के फास्ट ट्रैक ट्रायल की मांग फिर जोर पकड़ रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में भी इन अदालतों की स्थापना की जरूरत बताई थी लेकिन विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट की जो परफारमेंस रिपोर्ट सामने आयी है उसमें यह तो साबित होता है कि ये अदालतें दुष्कर्म और पोक्सो केसों के त्वरित निपटारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं लेकिन पश्चिम बंगाल उसमें फिसड्डी है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले वर्ष इन अदालतों ने 94 प्रतिशत मामले निपटाए, जिसमें महाराष्ट्र और पंजाब का प्रदर्शन बहुत अच्छा 80 और 71 प्रतिशत रहा जबकि पश्चिम बंगाल का सबसे खराब दो प्रतिशत था।

# होटल का पेमेंट किए बिना भागने लगे, कार में लटका वेटर; दंग कर देनेवाला वीडियो

**बीड :** महाराष्ट्र के बीड से एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है। बीड में सड़क किनारे के एक होटल के वेटर जब बिल मांगने गया तो उसे कार के साथ एक किलोमीटर तक घसीटते ले गए। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वेटर के साथ की गई ये क्रूरता का दिल दहला देने वाला नजारा दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो यूजर्स ने शेयर किया है जिसमें दावा किया गया है कि ये मामला महाराष्ट्र के बीद का है। वीडियो को देख लोगों का गुस्सा फूंट पड़ा है और लोग कार सवार ग्राहकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।'



सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर किए गए इस वीडियो में एक सड़क किनारे हाईवे के होटल का दृश्य दिख रहा है। वीडियो में एक सफेद कार खड़ी नजर आ रही है। जिसके अचानक से पीछे के गेट से एक कस्टमर जल्दी से बैठता है और कार रिवर्स करके जैसे ही जाने लगती है तो वेटर कार का अगला गेट खोलकर कस्टमर्स से की डिमांड करता है। लेकिन कार पर सवार कस्टमर ने बिल का भुगतान करने के बजाय उसे उसकी परवाह किए बगैर वेटर को घसीटते हुए उसे एक किलोमिटर तक ले गए। कार में घसीटता हुआ देख होटल के लोग उसके पीछे भागे लेकिन कार वेटर को तेजी से घसीटते हुए ले गई। वीडियो में वेटर कार के खुले हुए गेट को पकड़े हुए तेजी से घसीटता हुआ नजर आ रहा है।

# कल्याण में महिला पत्रकार का यौन उत्पीड़न; मामला दर्ज

**कल्याण –** कल्याण में 29 वर्षीय महिला पत्रकार के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक साप्ताहिक और एक यूट्यूब चैनल के पत्रकार के खिलाफ उल्हासनगर के केंद्रीय पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। जब पीड़िता शादीशुदा थी तब भी आरोपी उसे शादी के लिए प्रलोभन दे रहा था। पुलिस शिकायत के अनुसार, जब उसने इनकार कर दिया, तो आरोपी ने उसके पति को जान से मारने की धमकी देकर उसका यौन उत्पीड़न किया।

पीड़ित महिला पत्रकार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. शिकायतकर्ता और आरोपी पत्रकार कल्याण में रहते हैं। पुलिस ने बताया,



पीड़िता एक पत्रकार है. वह आरोपी पत्रकार के यूट्यूब न्यूज चैनल में काम करती है. ऑफिस में काम करने के दौरान आरोपी पत्रकार की इस महिला से जान-पहचान हो गई. उससे दोस्ती कायम की. उसने पीड़िता पर शादी करने का दबाव डाला। उसे पर्यटन के लिए सऊदी अरब ले जाने की तैयारी की। आरोपी पत्रकार ने महिला को शादी के बाद पलावा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में आलीशान घर दिलाने का लालच दिया.

आप शादीशुदा हैं। आपके बच्चे है। पीड़िता ने आरोपी से बार-बार कहा कि मैं तुमसे शादी नहीं कर सकती. आरोपी यह सुनने के मूड में नहीं था। आरोपी पत्रकार पीड़िता को कल्याण, उल्हासनगर इलाके के एक लॉज में ले गया और शादी का प्रलोभन देकर पलावा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में घर दिलाने के बहाने उसके साथ जबरन यौन उत्पीड़न किया। आरोपी पत्रकार लगातार पीड़िता से शादी की मांग करने लगा. ऐसा संभव न होने पर एक दिन पीड़ित महिला पत्रकार ने आरोपी से कहा कि मैं आपका न्यूज चैनल छोड़ रही हूं।

# मीरा भायंदर शहर में 9 गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे पाए गए, कुल संख्या 17 हो गई

**भायंदर:** मीरा भायंदर नगर निगम क्षेत्र में 9 बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। इसके अलावा 8 बच्चे मध्यम कुपोषित समूह में हैं। पहले की तुलना में गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़ी है। मीरा भयंदर शहर में शहरी और ग्रामीण दोनों मिलाकर कुल 83 आंगनबाड़ियाँ हैं। तो, नगरपालिका किंडरगार्टन की संख्या 26 है। इन आंगनबाड़ियों और किंडरगार्टन में 10 हजार से ज्यादा बच्चे हैं. एकीकृत बाल विकास परियोजना के माध्यम से आंगनबाड़ियों में आने वाले छह वर्ष तक के बच्चों और स्तनपान कराने वाली माताओं को स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसमें दलिया, खिचड़ी, पुलाव, चनी उसल, गुड़, कुरमुरा लड्डू, मेमना शामिल है। ये कार्य महिला स्व-सहायता समूहों को दिये गये हैं। यह स्वस्थ भोजन के लिए सरकारी खजाने से लाखों रुपये के खर्च को दशार्ता है। लेकिन हकीकत में लगातार रोना आ रहा है कि स्वास्थ्यवर्धक भोजन नहीं मिलता।



अप्रैल 2019 से आंगनबाड़ियों में कुपोषित बच्चों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसमें 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की जांच कर कुपोषण का वर्गीकरण किया जाता है। इसे मध्यम कुपोषित मां और गंभीर कुपोषित मां में वगीर्कृत किया गया है। नगर निगम के चिकित्सा विभाग में उपलब्ध जानकारी के अनुसार जून 2024 में कुल 17 कुपोषित बच्चे दर्ज किये गये हैं. इसमें 9 बच्चे गंभीर कुपोषित और 8 बच्चे मध्यम कुपोषित हैं। इसलिए चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि प्रशासन ने इन दोनों समूहों के बच्चों को आगे के इलाज के लिए ठाणे जिला अस्पताल भेजने की सिफारिश की है.

1 हजार 232 बच्चों की जांच

मीरा भयंदर शहर में 0 से 6 साल की उम्र के कुल 1 हजार 232 बच्चों की जांच की गई है. 0 से 3 वर्ष की आयु के 609 बच्चों में से 3 मध्यम कुपोषित और 5 गंभीर कुपोषित हैं। इसके अलावा, 3 से 6 वर्ष की आयु के 623 बच्चों में से 5 मध्यम कुपोषित और 4 गंभीर रूप से कुपोषित हैं, कुल 17 बच्चे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ये बच्चे रीवा नगर, क्रांति नगर और मुर्धा गांव के एक ही इलाके में रहते हैं।

# सस्ते विदेशी पर्यटन के नाम पर 19 लोगों से 40 लाख की ठगी, एजेंसी चालक-मालिक पर केस दर्ज




**नवी मुंबई:** विदेश खासकर यूरोप और सिंगापुर में सस्ते पर्यटन के नाम पर 19 लोगों से 39 लाख 7 हजार 74 रुपये की ठगी किये जाने का मामला सामने आया है. इस संबंध में वाशी पुलिस स्टेशन में संबंधित एजेंसी चालक-मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि इस मामले में 19 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन संख्या बढ़ सकती है. पुलिस ने धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों से वाशी पुलिस से संपर्क करने और शिकायत दर्ज कराने की अपील की है। आरोपी का नाम विक्की उर्फ भूपेश ठक्कर है। विक्की ने वाशी के हॉवर फैंटेसी पार्क में एक व्यावसायिक इमारत में ट्रैवल्स एक्सप्रेस नामक एक एजेंसी शुरू की। सोशल मीडिया के जरिए प्रचारित किया गया कि हम विदेश यात्रा के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराते हैं। इसका शिकार होकर कई लोगों ने यूरोप-अमेरिका-सिंगापुर की यात्रा के लिए बुकिंग कर ली. लेकिन जब पर्यटक टिकट और होटल बुकिंग की रसीदें और अन्य जरूरी दस्तावेज लेने पहुंचे तो पहले तो उन्हें कारण बताकर टाल दिया गया। लेकिन कुछ दिन पहले आरोपी कार्यालय पर ताला लगाकर भाग गया। जब इसकी जानकारी बुकिंग करने वाले लोगों को हुई तो उन्होंने वाशी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# जेबी नगर में 100 करोड़ की लागत से बाजार विकसित किया जाएगा



**मुंबई:** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने जेबी नगर में मरोल नगरपालिका मछली बाजार को अत्याधुनिक, अंतरराष्ट्रीय समुद्री खाद्य बाजार के रूप में पुनर्विकास करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें कोल्ड स्टोरेज, अपशिष्ट पुनर्चक्रण और पार्किंग की सुविधा, एक सभागार और कैफेटेरिया और थोक और खुदरा ग्राहकों के लिए अलग-अलग खंड होंगे। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तत्वावधान में 100 करोड़ की लागत से बाजार विकसित किया जाएगा। बीएमसी मछुआरों के विकास कार्य निधि से परियोजना के लिए 50 करोड़ प्रदान करेगी, जबकि केंद्र और राज्य सरकारों के तहत मत्स्य पालन विभाग क्रमशः 30 करोड़ और 20 करोड़ (शेष राशि का 60% और 40%) का योगदान देगा।

के-ईस्ट वार्ड में जिस स्थान पर बाजार विकसित किया जाएगा, उसका 8 अगस्त को अधिकारियों और सामुदायिक प्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण किया गया था, बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 22 अगस्त को एक पत्र के माध्यम से मत्स्य पालन विभाग को सूचित किया, जिसकी एक प्रति एचटी के पास है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित लोगों में डिप्टी म्यूनिसिपल कमिश्नर (सुधार), असिस्टेंट कमिश्नर (बाजार), ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि, नई दिल्ली सलाहकार के सदस्य, मत्स्य विभाग, बाजार विभाग और के-ईस्ट वार्ड के अधिकारी और मरोल बाजार मछली विक्रेता कोली महिला संस्थान के सदस्य शामिल थे।

# ठाणे में प्रतिबंध के बाद भी भारी वाहनों का आवागमन जारी



**ठाणे:** ठाणेः ठाणे शहर में गणेशोत्सव के दौरान दिन में भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन यातायात जारी है. पुलिस के प्रतिबंध आदेश के बावजूद दोपहर के समय भारी वाहनों की आवाजाही से नागरिक नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। इस बीच, पुलिस ने दावा किया है कि ठाणे के गेट पर भारी वाहनों को रोके जाने पर ट्रैफिक जाम की संभावना के कारण शहर में ट्रैफिक जाम नहीं होने पर दोपहर में यातायात जारी रखा जा रहा है। उरण स्थित जेएनपीटी बंदरगाह से हजारों भारी वाहन गुजरात की ओर आवाजाही कर रहे हैं। ये वाहन ठाणे शहर से मुंबई अहमदाबाद होते हुए घोड़बंदर तक चलते हैं। साथ ही इस हॉर्स पोर्ट से गुजरात से भारी ट्रैफिक उरण जेएनपीटी, भिवंडी, पनवेल की ओर जा रहा है। घोड़बंदर क्षेत्र में जनसंख्या में भारी वृद्धि देखी गई है। इससे घोड़बंदर मार्ग पर निवासियों के वाहनों का भार भी बढ़ गया है. घोड़बंदर लाइन पर वडाला-घाटकोपर-कासारवडवली मेट्रो फोर लाइन का काम भी चल रहा है। इस काम के लिए एमएमआरडीए अथॉरिटी ने मुख्य और सेवा मार्गों पर बैरिकेड्स लगाए हैं. भारी यातायात, दुर्घटनाएं, संकरी सड़कें और मुख्य और सेवा सड़कों की खराब स्थिति ने घोड़बंदर रोड को यातायात भीड़ का केंद्र बिंदु बना दिया है।

कुछ दिन पहले घोड़बंदर रोड पर हुए हादसे और मेट्रो के काम के कारण बड़ी दिक्कत हुई थी. इस दुविधा से नागरिक स्तब्ध थे। नागरिकों ने ऐसी दुविधा से बचने के उपाय करने की मांग की. इसलिए, गणेशोत्सव के दौरान यातायात की भीड़ से बचने के लिए ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने भारी यातायात के संबंध में एक अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक, गणेशोत्सव के दौरान दिन में भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। इसलिए विसर्जन के दिन रात के समय भी भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है. इसक बावजूद शहर में भारी वाहनों का आवागमन जारी है.

इस बारे में जब ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों से पूछा गया कि अगर भारी वाहन दूसरे पुलिस कमिश्नरेट इलाके से प्रवेश करते हैं तो उन्हें थाने के गेट पर रुकना पड़ता है. इसलिए फाटक पर भारी वाहनों का आवागमन बढ़ने पर फाटक पर बड़ा जाम लग जाता है। इसलिए पुलिस का कहना है कि भारी वाहनों को कुछ राहत के साथ क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी गई है.

# डोंबिवली: ठाकुर्ली में 90 फीट रोड पर एक मजदूर को चाकू की नोक पर लूट लिया

**मुंबई:** डोंबिवली-ठाकुरली में 90 फीट रोड के खंबलपाड़ा इलाके में शुक्रवार को एक मजदूर को चार लोगों ने रोक लिया। उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और बुरी तरह पीटा गया। उसने उसकी गर्दन पर चाकू रख दिया और जान से मारने की धमकी दी. उसके पास से मेहनत मजदूरी से कमाए गए 15 हजार रुपये चार लुटेरों ने लूट लिए। घटना शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे खम्बलपाड़ा में 90 फीट रोड पर हुई. मजदूर का नाम सूरज कुमार जवाहरलाल शर्मा (29) है. वे डोंबिवली के शेलार नाका इलाके में रहते हैं। वे कल्याण, डोंबिवली इलाके में मजदूरी करके अपनी जीविका चलाते हैं। पुलिस ने बताया, शिकायतकर्ता मजदूर सूरजकुमार कल्याण के पास मजदूरी कर रात को पैदल घर लौट रहा था. सूरजकुमार को खम्बलपाड़ा में 90 फीट रोड से पैदल आते समय सर्वोदय सिम्फनी, अंबर विस्टा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के सामने सड़क पर एक अज्ञात व्यक्ति ने रोका।

# पुलिस ने सतर्क रहने और धोखेबाजों के झांसे में आने के लिए आगाह किया

**मीरा भयंदर:** बिजली कनेक्शन काटने के मैसेज घोटाले, क्रेडिट कार्ड की जानकारी प्राप्त करने के लिए रिवार्ड पॉइंट देने, स्टॉक एक्सचेंज ट्रेड ठगी जैसे विभिन्न तरीकों से साइबर अपराधी कानून लागू करने वाली एजेंसियों के नाम का दुरुपयोग करके अपने लक्ष्य के बैंक खातों से पैसे उड़ाने के लिए नए और तकनीक ईजाद कर रहे हैं इसमें नवीनतम जोड़ एक इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम के रूप में है - धोखेबाजों की एक स्वचालित पूर्व-रिकॉर्डेड कॉल जो यह धारणा बनाती है कि यह कॉल उच्च न्यायालय से अप्राप्य समन के बारे में थी।

मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे संदिग्ध इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टमकॉल या पूर्व-रिकॉर्ड किए गए संदेशों का जवाब न दें या उनसे जुड़ें नहीं और उन अंकों पर क्लिक करने से बचें, जो बैंक खातों से धोखाधड़ी से निकासी और स्थानांतरण का कारण बन सकते हैं।विशेष रूप से, बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार (10, सितंबर) को लोगों को सतर्क रहने और धोखेबाजों के झांसे में आने से बचने के लिए आगाह किया, जो न्यायाधीशों या अदालत के अधिकारियों का रूप धारण करके कॉल या संदेश भेजते हैं।

अपने अनुभव को साझा करते हुए, एक वरिष्ठ पत्रकार ने द फ्री प्रेस जर्नल को बताया कि उन्हें एक




अज्ञात नंबर से कॉल आया और हिंदी और अंग्रेजी में कंप्यूटर से उत्पन्न आवाज में कहा गया, ''नमस्ते, यह उच्च न्यायालय से एक अधिसूचना है, आपके पास एक सम्मन है जिसे अभी तक एकत्र नहीं किया गया है। अधिक जानकारी के लिए 1 दबाएँ या आयुक्त से संपर्क करने के लिए 0 दबाएँ।ह्व कुछ गड़बड़ महसूस करते हुए, उन्होंने तुरंत फोन काट दिया और पुलिस से संपर्क किया, जहाँ उन्हें पता चला कि कई लोगों को इस तरह के धोखाधड़ी वाले कॉल आ रहे हैं। यदि पीड़ित इंटरैक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम कॉल का जवाब देता है, और की-पैड पर विशिष्ट अंकों पर क्लिक करता है, तो जाहिर तौर पर एक लिंक सक्रिय हो जाता है जो धोखेबाजों को उनके स्मार्टफोन (अक्सर, बैंक खाते फोन नंबरों से जुड़े होते हैं और उपयोगकर्ताओं के पास बैंकिंग ऐप भी होते हैं) तक रिमोट एक्सेस देता है, जो फिर पीड़ित को लेन-देन के बारे में पता चलने से पहले ही अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कर देते हैं, और कोई निशान नहीं छोड़ते। सम्मन एक अदालती आदेश है जिसके लिए किसी व्यक्ति को कानूनी कार्यवाही में गवाही देने या सबूत देने की आवश्यकता होती है। हाल ही में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के प्रशासन ने दिल्ली पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें एक जालसाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खुद को भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड़ बताते हुए टैक्सी किराए के लिए पैसे मांगे थे।

# सेवा कर अधिकारी रिश्वत के मामले में गिरफ्तार



**मुंबई:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने परिवहन फर्म मेसर्स ग्लोबल टेक्नोलॉजी सर्विसेज की मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी करने और मांग (सेवा कर/जुमार्ने के संबंध में) को छोड़ने के लिए कथित तौर पर रिश्वत मांगने के आरोप में बेलापुर आयुक्तालय के एक सहायक आयुक्त, एक अधीक्षक और एक निरीक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया।आरोपी अधिकारियों की पहचान सहायक आयुक्त सुहास भालेराव, अधीक्षक राजेश कुमार और निरीक्षक शुभम दास महापात्रा के रूप में हुई है।

एजेंसी सूत्रों के अनुसार, बेलापुर सीजीएसटी के भालेराव और महापात्रा को 15 मार्च को मेसर्स श्री साईनाथ ट्रांसपोर्ट कंपनी (सेवा कर/जुमार्ने के संबंध में) के खिलाफ कार्यवाही छोड़ने के एवज में जितेंद्र एस पवार नामक व्यक्ति से 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। ''जब कार्यवाही चल रही थी, महापात्रा ने खुलासा किया कि भालेराव ने 12 मार्च को मेसर्स ग्लोबल टेक्नोलॉजी सर्विसेज के मामले में उन्हें (महापात्रा) और अधीक्षक कुमार के बीच आगे वितरण के लिए 2 लाख रुपये दिए थे। सीबीआई के एक सूत्र ने बताया कि इसके अलावा, महापात्रा ने खुलासा किया कि कुमार ने उक्त 2 लाख रुपये में से 1 लाख रुपये स्वीकार किए। उन्होंने बताया कि मेसर्स ग्लोबल टेक्नोलॉजी सर्विसेज की ओर से चार्टर्ड अकाउंटेंट अनुराग जैन ने 15 मार्च को सीबीआई में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भालेराव ने 15 लाख रुपये मांगे और मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी करने तथा ग्लोबल टेक्नोलॉजी सर्विसेज पर कर मांग को खत्म करने के लिए 6 लाख रुपये स्वीकार करने पर सहमति जताई। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि जैन ने कथित तौर पर ग्लोबल टेक्नोलॉजी के मालिक से इस मामले पर चर्चा की तथा 12 मार्च को अपने कार्यालय में भालेराव को 6 लाख रुपये नकद दिए। आगे आरोप है कि भालेराव ने जैन से कहा कि वह 13 मार्च को आदेश पारित करेंगे। उस दिन जब जैन ने महापात्रा से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि आदेश एक दिन बाद पारित किया जाएगा। इसके बाद जैन बेलापुर में सीजीएसटी कार्यालय गए तथा संशोधित आदेश प्राप्त किया।

# ठाणे में अवैध नलों के खिलाफ अभियान, दिवा और मुंब्रा क्षेत्र में 97 अवैध पाइप कनेक्शन तोड़े गए

**ठाणे:** प्रशासन ने मनपा क्षेत्र में अवैध पाइप कनेक्शन तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया है, जिसमें दिवा और मुंब्रा क्षेत्र में 97 अवैध पाइप कनेक्शन तोड़े गए हैं. साथ ही इस मामले में अपराध दर्ज करने की कार्रवाई भी की गई है. यह अभियान आगे भी जारी रहने से अवैध नल धारकों में हड़कंप मच



गया है। ठाणे नगर निगम क्षेत्र में जल आपूर्ति चैनलों से अवैध नल लिए गए हैं। यह शहर में जल वितरण प्रणाली को प्रभावित करता है और कमी की समस्या पैदा करता है। यह कमी नियमित उपयोगिता बिल भुगतान करने वाले नल धारकों पर पड़ती है। जैसे ही इसके खिलाफ शिकायतें आने लगीं तो नगर निगम प्रशासन ने अब ऐसे अवैध नलों को काटने की कार्रवाई शुरू कर दी है. जल बकाया वसूली को लेकर पिछले सप्ताह अपर आयुक्त संदीप मालवी ने जलदाय विभाग के इंजीनियरों और मीटर रीडरों के साथ बैठक की थी. इस बैठक में मीटर रीडरों के लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित किये गये.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com